राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक
पाठ 22 : निबंध लेखन
कार्यपत्रक - 22

1. आपकी दृष्टि में निबंधों की कितनी श्रेणियाँ हैं? एक सूची बनाइए।

2. उन सभी ज्वलंत सामाजिक विषयों की सूची बनाइए जिन पर निबंध लिखा जा सकता है।

3. आपके मित्र को निबंध लिखने में कठिनाई हो रही है। पाठ के आधार पर उसे 'प्रदूषण की समस्या' विषय का उदाहरण देते हुए निबंध लेखन स्पष्ट कीजिए।

4. 'इंटरनेट : वरदान या अभिशाप' विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए।

5. आपके मतानुसार एक अच्छे निबंध में सामान्यतया क्या-क्या विशेषताएं होनी चाहिए? एक सूची तैयार कीजिए।

6. 'मन के हारे हार है मन के जीते जीत' विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए।

7. आपके प्रदेश का स्थानीय उत्सव कौन-सा है? इस उत्सव पर निबंध लिखने के लिए पूर्व तैयारी के रूप में भूमिका, रूपरेखा, उपसंहार के बिन्दु लिखिए।

8. विचारात्मक, भावात्मक, वर्णनात्मक निबंधों में से आपको किस श्रेणी के निबंध लिखना रोचक लगता है और क्यों? उपयुक्त कारण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

9. 'आज की आत्मनिर्भर नारी' विषय की भूमिका अपने शब्दों में लिखिए।

10. 'पुस्तकें : हमारी परम मित्र' विषय पर लगभग 300 शब्दों का एक निबंध लिखिए।